बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक–01.06.2026 को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

---

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन तथा व्यय की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निम्न निदेश दिये गये है :-

2. सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को सहयोग पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करने एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए ससमय निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

ऐसे मामलें जो अन्य विभागों से संबंधित है को चिन्हित कर उन्हें सूची से हटवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/संयुक्त सचिव अभियंत्रण)/**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

3. संबंधित मुख्य अभियंता परिक्षेत्र में शेष आवंटन का नियमानुकूल व्यय शीघ्र सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता)**

4. (क) आपदा प्रशमन कोष की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी मुख्य अभियंता (बाढ़ परिक्षेत्र) को सभी कार्य ससमय पूर्ण करने एवं किये गये कार्य का नियमानुकूल व्यय सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

(ख) निदेशित किया गया कि जिन स्थलों में कार्य में तेजी लाये जाने की आवश्यकता है वहां पर दिन–रात कार्य कराया जाए एवं संबंधित स्थलों का रात्रि के कार्य का Geo tag Photograph विभाग को भी उपलब्ध कराया जाय।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र/**
**अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल)**

5. (क) सभी क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा किये जा रहे तटबंध निरीक्षण की समीक्षा के क्रम में जिन मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र में अबतक तटबंध निरीक्षण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, उन्हें दिनांक–05.06.2026 तक निरीक्षण पूर्ण कर प्रतिवेदन गूगल शीट में अपडेट करने का निदेश दिया गया।

(ख) दक्षिण बिहार के जमींनदारी बांधों एवं उत्तर बिहार के तटबंधो को क्रमशः दो लेन एवं चार लेन में परिवर्तित करने संबंधी आवश्यक विवरणी विहित प्रपत्र में अबतक सभी संबंधित मुख्य अभियंताओं से प्राप्त नहीं होने पर अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना द्वारा खेद व्यक्त किया गया तथा प्रतिवेदन दिनांक 05.06.2026 तक विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र/**
**अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल)**

6. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कमला बराज योजना अंतर्गत ऊर्जा विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने के बाद भी Pole Shifting की प्रक्रिया धीमी है। इस क्रम में इससे संबंधित संक्षिप्त विवरणी विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2)**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 461 पटना, दिनांक–08/06/24

प्रतिलिपि :– माननीय उप मुख्य (जल संसाधन विभाग) मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 461 पटना, दिनांक–08/06/24

प्रतिलिपि :– सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 461 पटना, दिनांक–08/06/24

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 461 पटना, दिनांक–08/06/24

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ विशेष सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/ श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- 1/PMC/योजना/20/2024 461 पटना, दिनांक- 08/06/24

प्रतिलिपि :- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई-मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08/06/2024

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण